दर्दनिवारक मेफ्टाल और DRESS सिंड्रोम

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

हाल ही में **भारतीय फार्माकोपिया आयोग (IPC)** ने आम दर्द निवारक दवा **मेफ्टल (Meftal)** को लेकर एक दवा संबंधी सुरक्षा चेतावनी जारी की है, जिसमें कहा गया है कि इसका घटक, **मेफेनैमिक एसिड**, **DRESS सिंड्रोम** जैसी गंभीर एलर्जी प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर करता है, जो आंतरिक अंगों को प्रभावित करता है।

DRESS सिंड्रोम क्या है?

- **DRESS सिंड्रोम** (इओसिनोफिलिया और प्रणालीगत लक्षणों के साथ ड्रग रैश) एक गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया है जो लगभग 10% व्यक्तियों को प्रभावित करती है, जो **संभावित रूप से घातक है** और कुछ दवाओं के कारण होती है।
- इसे **ड्रग-इंड्यूस्ड हाइपरसेंसिटिविटी सिंड्रोम (DIHS)** के रूप में भी जाना जाता है।
- इसकी विशेषता **त्वचा पर लाल चकते, तेज़ बुखार, सूजी हुई लिम्फ नोड्स** और **आंतरिक** अंगों में **जटिलताएँ** हैं।

मेफ्टाल का उपयोग और इससे संबंधित दुष्प्रभाव क्या हैं?

- **उपयोग:**
  - मेफ्टाल का उपयोग अमूमन एक **गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी औषधि (NSAID)** के रूप में किया जाता है।
  - भारत में इसका व्यापक रूप से कई उद्देश्यों के लिये उपयोग किया जाता है, जिसमें**[मासिक धर्म के दर्द](#), सिरदर्द, मांसपेशियों तथा जोड़ों के दर्द** से राहत शामिल है साथ ही **बच्चों में तेज़ बुखार** से राहत के लिये भी इसका उपयोग सामान्य बात है।
- **संबद्ध दुष्प्रभाव:**
  - **मेफ्टाल** जैसी दवाओं के लंबे समय तक उपयोग से **अमाशय में अल्सर, रक्तस्राव** और संबंधित जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है।
  - मेफ्टाल के सेवन से [हृद-वाहिका तंत्र](#) **(Cardiovascular System)** पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
  - कुछ विशेषज्ञों ने **गुर्दे से संबंधित जटिलताओं** को **मेफ्टाल** के संभावित दुष्प्रभाव के रूप में चिह्नित किया है।

भारतीय भेषज संहिता आयोग (Indian Pharmacopoeia Commission- IPC) क्या है?

- IPC, **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** की एक स्वायत्त संस्था है।
- IPC को भारत में **दवाओं के मानक** तय करने के लिये बनाया गया था। इसका मूल कार्य इस क्षेत्र में **प्रचलित बीमारियों** के इलाज के लिये आमतौर पर आवश्यक दवाओं के मानकों को नियमित रूप से अद्यतन करना है।
- यह **इंडियन फार्माकोपिया** (मोनोग्राफ का संग्रह) को अद्यतन करके एवं दवाओं हेतु नए मानक शामिल करते हुए औपचारिक दिशानिर्देश जारी करता है।
  - यह नेशनल फॉर्मूलरी ऑफ इंडिया को प्रकाशित करके जेनेरिक दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देता है।
- IPC आईपी रेफरेंस सब्सटेंस (**IPRS**) भी प्रदान करता है जो परीक्षण के तहत किसी वस्तु की पहचान और आईपी में निर्धारित उसकी शुद्धता के लिये फिंगरप्रिंट के रूप में कार्य करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/painkiller-meftal-and-dress-syndrome